व्यावहारिक फसल उत्पादन प्रक्षेत्र का भ्रमण, विद्यार्थियों के साथ की धान की रोपाई

पंतनगर। 26 जून, 2026। कार्यशाला के उद्घाटन के प्रारम्भ में भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण एवं ग्रामीण विकास श्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तराखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखण्ड के माननीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी, माननीय सांसद श्री अजय भट्ट, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डा. एम.एल. जाट, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने आज गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के व्यावहारिक फसल उत्पादन (पीसीपी) प्रक्षेत्र का भ्रमण किया।

इस दौरान भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण एवं ग्रामीण विकास श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रक्षेत्र में प्रशिक्षण एवं शोध कार्य कर रहे छात्र–छात्राओं के साथ खेत में उतरकर धान की रोपाई की तथा विद्यार्थियों से व्यावहारिक फसल उत्पादन कार्यक्रम की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रक्षेत्र की उत्पादन प्रणाली, फसल प्रबंधन तथा इससे होने वाली आय के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें उत्पादन एवं आय बढ़ाने के लिए नवाचार अपनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा का उद्देश्य केवल तकनीकी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक, आत्मनिर्भर एवं उद्यमी किसान बनाना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को 'खेती बचाओ अभियान' की जानकारी देते हुए कृषि में मिट्टी के स्वास्थ्य एवं कार्बन संवर्धन के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि व्यवहारिक फसल उत्पादन पाठ्यक्रम में जैविक (ऑर्गेनिक) एवं प्राकृतिक खेती को भी प्रभावी रूप से शामिल किया जाए, ताकि भविष्य के कृषि वैज्ञानिक टिकाऊ एवं पर्यावरण–अनुकूल खेती को बढ़ावा दे सकें। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने विद्यार्थियों के साथ उत्साहपूर्वक 'खेती बचाएंगे, मिट्टी में कार्बन बढ़ाएंगे', 'जय जवान, जय किसान' तथा 'भारत माता की जय' के उद्घोष भी लगाए। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ इन नारों को दोहराते हुए सतत कृषि एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री से सीधे संवाद का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उनके मार्गदर्शन और 'खेती बचाओ, मिट्टी में कार्बन बढ़ाओ' अभियान से प्रेरित होकर सतत कृषि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भ्रमण के दौरान व्यावहारिक फसल उत्पादन प्रक्षेत्र के प्रभारी डा. दिनेश कुमार सिंह सहित डा. अमित भटनागर, डा. अजय प्रभाकर, डा. क्रांति कुमार एवं डा. विनीता राठौर उपस्थित रहे।